# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 17.06.2026 समय : 1905

<><><><><><><>

- फ्रांस में चल रहे जी–7 शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संतुलित समावेशी और सत्त आर्थिक वृद्धि को वैश्विक विकास का आधार बनाने का आह्वान किया।
- सांसद बिष्णु पद रे ने प्रातरापुर प्रधानमंत्री आवास योजना में ई एम आई वसूली पर सवाल उठाए।
- शोल बे गांव में खेत बचाओं अभियान के अंतर्गत टिकाऊ कृषि, मृदा स्वास्थ्य संरक्षण, ब्रह्मास्त्र और जीवामृत पर किसानों को विस्तृत जानकारी दी गई।
- नीट परीक्षा–2026 के लिए प्रशासन कल से छात्रों को बड़ी राहत देते हुए निःशुल्क परिवहन सेवा शुरू करेगा।

<><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने फ्रांस के एवियन में जी–7 शिखर सम्मेलन में एक महत्वपूर्ण कार्य सत्र में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय संस्थाओं को ऐसे तंत्र विकसित करने चाहिए जो विकासशील देशों को आर्थिक मजबूती प्रदान करे। सत्र का विषय था– सभी के लिए संतुलित, समावेशी और सतत आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देना। उन्होंने अफ्रीका, लातिन अमरीका और प्रशांत द्वीप देशों को जोडने वाली संपर्क परियोजनाओं का भी प्रस्ताव रखा। श्री मोदी ने संपर्क और व्यापार में तेजी लाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय आवागमन भागीदारी तैयार करने का भी सुझाव दिया। इसके अंतर्गत जी–7 देशों की पूंजी, भारतीय प्रतिभाओं और ग्लोबल साउथ के देशों को एकसाथ लाया जा सकता है। उन्होंने कहा कि ठोस वृद्धि से समावेशन और लोगों के कल्याण को मजूबती मिलती है। उन्होंने सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ भारत की विकास गाथा के बारे में भी बताया।

<><><><><><>

सांसद बिष्णु पद रे ने दक्षिण अंडमान के प्रातरापुर स्थित प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के दो सौ तेरह आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लाभार्थियों की शिकायतों को उठाते हुए केनेरा बैंक से आवास इकाइयों के पूर्ण निर्माण और औपचारिक हस्तांतरण तक ईएमआई वसूली तत्काल स्थगित करने का आग्रह किया है। सांसद ने कहा कि श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद, एनबीसीसी और लाभार्थियों के बीच हुई बैठकों में यह सहमति बनी थी कि फ्लैटों का निर्माण पूरा होने और कब्जा मिलने के बाद ही ईएमआई वसूली शुरू होगी। इसके साथ ही, परियोजना में देरी से उत्पन्न अतिरिक्त ब्याज भार को कार्यान्वयन एजेंसियां वहन करेंगी या उसका समुचित समाधान करेंगी। उन्होंने बताया कि परियोजना अभी अधूरी है और लाभार्थियों को कब्जा भी नहीं मिला है, इसके बावजूद उनके बैंक खातों से ईएमआई कटौती शुरू हो गई है। श्री रे के अनुसार, एसवीपीएमसी ने भी 13 और 23 अप्रैल को बैंक को पत्र लिखकर ईएमआई स्थगित करने का अनुरोध किया था। परियोजना अब 30 दिसंबर तक पूर्ण होने की संभावना है। सांसद बिष्णु पद रे ने केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री से हस्तक्षेप तथा परियोजना में हुई देरी की जाँच कराने की भी माँग की है।

<><><><><><>

प्रशासन ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए मुख्यभूमि के संस्थानों में द्वीपसमूह के छात्रों के लिए आरक्षित विभिन्न व्यावसायिक, तकनीकी एवं गैर–तकनीकी पाठ्यक्रमों, सहित बी.ई./बी.टेक लेटरल एंट्री सीटों के आवंटन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। प्रशासन द्वारा जारी विज्ञाप्ति के अनुसार, जिन छात्रों ने अब तक आवेदन नहीं किया है, उन्हें अंतिम अवसर प्रदान करते हुए कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर आवेदन आमंत्रित करने की अवधि 24 जून की मध्यरात्रि तक बढ़ा दी गई है। यह निर्णय आरक्षित सीटों के अधिकतम उपयोग को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लिया गया है। पात्र एवं इच्छुक अभ्यर्थी निर्धारित तिथि तक कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। उप सचिव (उच्च शिक्षा) ने स्पष्ट किया है कि 24 जून के बाद किसी भी परिस्थिति में आवेदन की तिथि में और विस्तार नहीं किया जाएगा। इसलिए इच्छुक छात्रों को समय रहते आवेदन प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी गई है।

<><><><><><>

टिकाऊ कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देने तथा द्वीपीय पारिस्थितिकी तंत्र में मृदा स्वास्थ्य संरक्षण के उद्देश्य से 16 जून को फरारगंज ब्लॉक के शोल बे–14 गांव में 'खेत बचाओ अभियान' के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान वैज्ञानिक डॉ. पी.के. सिंह ने की। इस अवसर पर

वैज्ञानिक (एक्वाकल्चर) चित्तरंजन राउल, पौध संरक्षण विषय विशेषज्ञ मोहित, ग्राम प्रधान ऑगस्टिन राज कुमार, कृषि अधिकारी गायत्री तथा एटीएमए प्रतिनिधि आरती उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कुल 18 किसानों ने भाग लिया। डॉ. सिंह ने रासायनिक उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से कृषि भूमि की घटती उत्पादकता पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने ढैंचा प्रणाली को हरी खाद के रूप में अपनाने, एनपीके उर्वरकों के संतुलित उपयोग तथा जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया। वैज्ञानिक चित्तरंजन राउल ने धान की खेती में एजोला के उपयोग, जैव उर्वरक के रूप में इसकी भूमिका तथा जलीय खरपतवारों एवं मछली अपशिष्ट से खाद एवं तरल जैव उर्वरक तैयार करने की जानकारी दी। पौध संरक्षण विषय विशेषज्ञ मोहित ने ब्रह्मास्त्र, जीवामृत, ट्राइकोडर्मा, बीटी तथा नीम तेल के उपयोग से मिट्टी की उर्वरता बढ़ाने और सब्जी व बागवानी फसलों में कीट एवं रोग नियंत्रण के उपायों पर किसानों से संवाद किया।

<><><><><><><>

21 जून को राजधानी श्री विजयपुरम में आयोजित होनी वाली नीट परीक्षा–2026 के अभ्यर्थियों के लिए प्रशासन ने निःशुल्क परिवहन सुविधा उपलब्ध कराने का निर्णय लिया है। इस व्यवस्था के तहत सरकार द्वारा संचालित बस, फेरी एवं जहाज सेवाओं के माध्यम से अभ्यर्थियों को यह सुविधा दी जाएगी। यह सुविधा केवल वैध NEET (UG)–2026 प्रवेश पत्र प्रस्तुत करने पर ही उपलब्ध होगी। प्रशासन के अनुसार, यह सुविधा कल से 24 जून तक प्रभावी रहेगी। इसके अंतर्गत अभ्यर्थियों को उनके निवास स्थान से परीक्षा केंद्र तक तथा परीक्षा केंद्र से वापस निवास स्थान तक निःशुल्क परिवहन उपलब्ध कराया जाएगा।

<><><><><><><>

जवाहरलाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय ने शैक्षणिक सत्र 2026–27 के लिए विभिन्न डिग्री पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। अब इच्छुक छात्र 30 जून तक आवेदन कर सकेंगे। महाविद्यालय प्रशासन के अनुसार, प्रवेश के इच्छुक अभ्यर्थियों को कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर पंजीकरण कर आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन जमा करना होगा। प्रवेश विवरणिका तथा पात्रता संबंधी अन्य जानकारी भी सीसीएपी पोर्टल पर उपलब्ध है। प्राचार्य ने बताया कि महाविद्यालय में किसी भी प्रकार का आवेदन सीधे अथवा ऑफलाइन माध्यम से स्वीकार नहीं किया जाएगा। सभी अभ्यर्थियों को निर्धारित तिथि तक केवल ऑनलाइन माध्यम से ही आवेदन करना होगा।

<><><><><><><>

यात्री जहाज एमवी कैम्पबेल बे कल सुबह 9 बजे राजधानी श्री विजयपुरम से ननकौड़ी तथा कैंपबेल बे होते हुए चेन्नई के लिए रवाना होगा। यात्रियों की बोर्डिंग प्रक्रिया कल सुबह 6 बजे से 8 बजे तक चलेगी। निर्धारित प्रस्थान समय से एक घंटा पहले बोर्डिंग बंद कर दी जाएगी और विलंब से पहुंचने वाले यात्रियों को जहाज पर सवार होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

<><><><><><><>

कार्गो जहाज एम वी चुगलम 25 जून को दोपहर 4 बजे जंगलीघाट जेटी से कैंपबेल बे के लिए रवाना होगा। यह जहाज कार निकोबार, चौरा, तेरेसा, कच्छाल एवं ननकौड़ी होते हुए गंतव्य तक पहुंचेगी तथा संबंधित बंदरगाहों पर माल उतारने और लोड करने के बाद राजधानी श्री विजयपुरम के लिए वापसी करेगी। जहाजरानी सेवा निदेशालय के अनुसार, इस यात्रा के लिए कार्गो की बुकिंग कल से सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक वाणिज्यिक शाखा में की जाएगी। कार्गो की लोडिंग 22 जून से शुरू होगी।

<><><><><><><>